Pakistan is free to choose its partners. It has consciously embraced China as the strategic economic partner; Rawalpindi believes that restoring historic economic connectivity with India is a threat to Pakistan. India can't compel Pakistan to join the project of South Asian integration. Instead of bemoaning that fact, Delhi must devote itself to bilateral, sub-regional and trans-regional cooperation with our neighbours, all of whom except Pakistan want India to do more. SAARC may be headed to the mortuary. But India can easily catch a new wind in its regional sails.

सार्क और उसकी भावना (लाइव हिंदुस्तान)

भारत ने मंगलवार को जिस तरह से आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को अलग-थलग करने की रणनीति दिखाई, तभी लगने लगा था कि नतीजे ऐसे ही आएंगे। भारत ने न सिर्फ पाकिस्तान की जमीन पर होने वाले सार्क देशों के सम्मेलन से अपने को अलग रखने का फैसला लिया, वरन उसी वक्त उरी हमले में उसकी संलिप्तता के पुख्ता सबूत भी उसे सौंपे। पाकिस्तान की नीति और नीयत पर यह दोहरी चोट थी। *भारत के इस फैसले के तत्काल बाद बांग्लादेश, भूटान और अफगानिस्तान ने भी सार्क सम्मेलन से अपने को अलग करके आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में न सिर्फ सहभागिता दिखाई, बल्कि पाकिस्तान को 'टेरर स्टेट' घोषित किए जाने की तमाम देशों की मंशा के साथ भी मजबूती से खड़े दिखाई दिए।*

सार्क शिखर सम्मेलन का रद्द होना भारत के उस कड़े फैसले के साथ ही तय हो गया था, जब यह कहा गया कि न तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वहां जाएंगे, न ही भारत का कोई अधिकारी। सार्क की नियमावली कहती है कि यदि आठ सदस्यीय सार्क से एक भी सदस्य गैरहाजिर होता है, तो यह रद्द हो जाएगा। उरी के बाद भारत की यह पहली बड़ी कूटनीतिक विजय है, जब उसने पाकिस्तान को अलग-थलग करने की कोशिश सफल रही। तीन पड़ोसियों ने जिस तरह इसे मुखर समर्थन दिया, वह आश्वस्त करता है कि पड़ोस की धरती से पनप रही आतंकवाद की बेल को काटने की भविष्य की यह लड़ाई उतनी भी कठिन नहीं है। भारत की इस कूटनीतिक चाल पर पाकिस्तान की प्रतिक्रिया खिसियानी बिल्ली जैसी है। उसने भारत के इस फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण भर कहा। इस लड़ाई में भारत के साथ बांग्लादेश, भूटान और अफगानिस्तान के खड़े होने को सिर्फ शुरुआत माना जाना चाहिए और पाकिस्तान के लिए एक चेतावनी भी। सार्क सम्मेलन पर खतरे के बादल तो सिर्फ एक प्रतीक है, दरअसल यह पाकिस्तान की मुश्किलों की शुरुआत है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह सिंधु जल समझौते पर बड़ी बैठक की, वह भी इस दिशा में एक बड़ा कूटनीतिक कदम माना जा रहा है। माना जा रहा है कि भारत पाकिस्तान को 'मोस्ट फेवर्ड नेशन' यानी तरजीही देश का दर्जा खत्म करने की पहल के साथ वह सब कर देना चाहता है, जो पाकिस्तान को कमजोर करने में सहायक हो। **दरअसल, भारत पाकिस्तान के खिलाफ हर वह असैनिक उपाय आजमा रहा है, जिसके संदेश कड़े हों**। प्रधानमंत्री के वक्तव्य 'खून और पानी दोनों एक साथ नहीं बह सकते' में भी यही स्पष्ट संकेत और संदेश था। ये दो बातें पाकिस्तान को विचलित करने, उसकी चिंता बढ़ाने वाली हैं। भारत हमेशा सौहार्द का पक्षधर रहा है, पाकिस्तान की तमाम कारगुजारियों के बावजूद पिछले महीने गृह मंत्री राजनाथ सिंह का वहां जाना इसी रूप में देखा जाना चाहिए। सार्क सम्मेलन में शामिल न होने का ताजा फैसला मजबूरी में लिया गया फैसला है। इसे पाकिस्तान की हरकतों से उपजे दबाव की तरह से देखा जाना चाहिए। इसके पहले तक सार्क की हर तैयारी में हमारी अब तक की भागीदारी बताती है कि भारत की मंशा हमेशा की तरह इसे सार्थक करने की ही थी। ढाई साल पहले प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते समय ही नरेंद्र मोदी ने सार्क देशों के लिए एक विशेष उपग्रह लांच करने की घोषणा की थी, जो बताता है कि उस समय उनके इरादे क्या थे। और अब जो फैसले हो रहे हैं, वे बताते हैं कि दबाव किस तरह के हैं। इसके साथ ही हमारे कई पड़ोसियों ने भी अपने तईं कदम उठाकर पाकिस्तान को आगाह कर दिया है। अब इसके आगे पाकिस्तान को सोचना है।

खटाई में सार्क (जनसत्ता)

सार्क का गठन दक्षिण एशिया में व्यापारिक, वाणिज्यिक और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने और परस्पर शांति बनाए रखने के मकसद से किया गया था।

को अलग-थलग करने की अगली रणनीति के तहत भारत ने इस्लामाबाद में होने वाले सार्क सम्मेलन में शिरकत करने से इनकार कर दिया है। सार्क के वर्तमान अध्यक्ष देश नेपाल को लिखे पत्र में भारत ने कहा है कि जिस तरह सीमा पार से आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है, उसमें प्रस्तावित सार्क शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेना उसके लिए संभव नहीं है। भारत के इस फैसले के बाद अफगानिस्तान, बांग्लादेश और भूटान ने भी सार्क शिखर सम्मेलन के बहिष्कार का निर्णय किया है। माना जा रहा है कि आठ सदस्यीय इस संगठन के कुछ और देश बहिष्कार का निर्णय कर सकते हैं।

सार्क घोषणा-पत्र के मुताबिक किसी भी देश के अनुपस्थित रहने पर इसका शिखर सम्मेलन आयोजित नहीं किया जा सकता। पाकिस्तान ने भारत के इस फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। लंबे समय से पाकिस्तान पर आतंकवादी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने का दबाव डाला जाता रहा है, मगर वह इसे गंभीरता से नहीं लेता। सार्क घोषणा-पत्र में इसके सभी सदस्य देशों ने इस वचनबद्धता पर हस्ताक्षर किए हैं कि वे किसी भी रूप में आतंकवादी गतिविधियों के लिए अपनी जमीन का इस्तेमाल नहीं होने देंगे। मगर पाकिस्तान ने उसे कब का भुला दिया है। इसके अनेक प्रमाण मौजूद हैं कि खासकर भारत के खिलाफ वह आतंकवाद को हथियार के रूप में इस्तेमाल करता आ रहा है। अनेक मौकों पर उसे आतंकवादी हमलों से जुड़े दस्तावेज सौंपे गए, लेकिन उन पर गंभीरता दिखाने के बजाय उन्हें सिरे से खारिज करता रहा है। फिर उसके यहां पनाह पाए आतंकी संगठनों की हरकतों का शिकार केवल भारत नहीं है, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में भी पाक समर्थित आतंकवादी संगठनों की तरफ से किए गए हमलों के पुख्ता प्रमाण हैं।

Prepare IAS

सार्क का गठन दक्षिण एशिया में व्यापारिक, वाणिज्यिक और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने और परस्पर शांति बनाए रखने के मकसद से किया गया था। मगर पाकिस्तान शुरू से इसके घोषणा-पत्र में कही बातों का उल्लंघन करता रहा है। भारत के ताजा फैसले का उस पर शायद ही कोई असर पड़े, पर इससे एक बार फिर दुनिया के सामने उसका पक्ष कमजोर हुआ है। भारत ने व्यापार के लिहाज से उसे विशेष देश का दर्जा दे रखा है, अब वह उसे वापस लेने पर भी विचार कर रहा है। पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति छिपी नहीं है। बेरोजगारी, अशिक्षा और गरीबी के चलते वहां विकास के रास्ते अवरुद्ध हैं। ऐसे में अगर सार्क देश उससे व्यापारिक संबंध तोड़ लेते हैं तो उसकी मुश्किलें और बढ़ेंगी।

G.S.Paper II: *India & its Neighbourhood*: relations

** Kindly refer last week current notes regarding Asylum &refugee

** International refugee law only states that a person needs to be outside his/her own country to seek asylum; it is silent on whether the person needs to be physically present in the territory of the country where s/he hopes to receive asylum or whether s/he can make such an application from a third country. This is a much debated issue in international law and countries have adopted varying policies in this regard.

It is time for a uniform asylum law (The Hindu)

The debate surrounding Brahamdagh Bugti's request for asylum in India has largely focussed on the foreign policy implications. Numerous legal issues deserve consideration.

India stands poised to make one of the most critical decisions with respect to its refugee policy, but without a domestic asylum law and without having signed the UN Refugee Convention of 1951. This has left India without a structured and institutionalised framework for addressing refugee inflows. At the same time, however, the country is known to have a broadly humanitarian approach to asylum, and is bound by both its own constitutional principles and customary international law. As the Home Ministry examines Baloch leader Brahamdagh Bugti's asylum claim, the debate has so far largely centred on the foreign policy implications. There remain, however, numerous legal issues which demand serious consideration.

Unanswered questions

First, the manner in which the current asylum claim has been made raises the question of whether a person can apply for asylum in India from outside the country. Having allowed Mr. Bugti to seek asylum from Switzerland, it is unclear whether India has made an exception in this case or is now open to asylum applications without physical presence within its national borders. This question needs to be settled.

Second, Mr. Bugti claimed in a recent interview that his asylum application to Switzerland was turned down on account of his party being put on a terror watch list by Pakistan. While this could be a politically motivated act by Pakistan, as per international refugee law, this does trigger the need for a prospective asylum country to examine whether Mr. Bugti has committed or been involved in activities referred to as crimes against humanity, war crimes, serious non-political crimes, and so on. A fundamental principle of international refugee law is to not grant

asylum to such persons, as doing so would go against the humanitarian spirit of refugee protection. The civilian character of a refugee populace is paramount, and active combatants are excluded from the same. Therefore, Mr. Bugti's activities as a Baloch leader need to be thoroughly examined.

Third, India's approach towards the larger Baloch refugee community in the future is yet to be addressed. Does India intend to grant asylum to Mr. Bugti alone, or to other Baloch asylum-seekers as well, or on a case-by-case basis? Irrespective of the modality it chooses, the Indian state will have to invest in setting up both a policy mechanism as well as the physical infrastructure for management of this group.

> Indian law does not even mention the term 'refugee', there are no clearly defined rights and duties for refugees.

Finally, if Mr. Bugti is granted asylum in India, what will his legal rights be? In practice, there are multiple approaches towards the different refugee communities, so much so that there isn't even a common form of documentation that is issued to them. The outcome of this is that they have widely disparate access to basic rights. For example, while, which is not widely recognised. There is still no clarity in this regard, and the Baloch would be yet another group of refugees for whom a separate policy would have to be created.

Sri Lankans and Tibetans have government-issued IDs, the vast majority of Afghan and Burmese refugees have only the documentation given to them by the UN

The most pragmatic way to address these legal issues would be for India to adopt a uniform asylum law for all refugee communities. It would allow for the codification of India's best practices with respect to asylum, which would, at the very least, eliminate the need to revisit its historical policies each time it faces a new question of refugee protection. A national asylum law would also reduce the need for parallel mechanisms, and put in place a structured system for asylum management in the future.

अब अगला कदम बलूचिस्तान की आज़ादी हो (Dainik bhaskar)

कुछ माह पूर्व ही इस लेखक ने संभावना जताई थी कि पश्चिम एशिया में नए इजरायल का जन्म हो सकता है। उस लेख की स्याही सूखी भी नहीं कि यह दायित्व भारत के कंधों पर आ पड़ा है। भारतीय सेना ने नियंत्रण-रेखा पर सर्जिकल आॅपरेशन करके सात आतंकी ठिकाने तबाह कर दिए हैं। अब परिस्थितियां कैसा मोड़ लेंगी इस पर अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। किंतु यह स्पष्ट है कि पाकिस्तान की मस्ती को समाप्त करने के लिए भारत को ही पहल करनी पड़ रही है। पश्चमी भारत और उस के निकट बसे क्षेत्रों में पाकिस्तान जैसी आतंकी गतिविधियां चला रहा है, उससे उसी के अपने क्षेत्रों में हाहाकार मचा हुआ है। बलूचिस्तान

> *सवाल यह है कि बलूचिस्तान का मामला इन दिनों ही क्यों सर उठा रहा है? जवाब यह है कि भारत का ईरान को भरोसे में लेकर चाबहार बंदरगाह विकसित करना। इससे पाकिस्तान और चीन दोनों ही बेचैन हैं। भारत यदि इस बंदरगाह को अपना आधार बना लेता है तो दोनों उसके निशाने पर आ जाते हैं। ईरान के समर्थन से अमेरिका भी चौंक गया है, क्योंकि यही वह क्षेत्र है जहां रूस की सीमाएं मिलती हैं। रूस भारत को समर्थन देकर अपनी नेवी से पाक और चीन के हौसले पस्त कर सकता है। रूस-भारत मैत्री इन शक्तियों के लिए बड़ी चुनौती होगी, इसलिए इन दिनों पाकिस्तान रूस के निकट जाने के प्रयास में लगा है।*

Prepare IAS

और सिंध भी उसकी चपेट में हैं। एेसे में भारत के पास इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है कि अपने यहां शांति कायम करने के लए पहले सिंध-बलूचिस्तान में शांति के प्रयास करे।

**18वीं शताब्दी में बलूचिस्तान के शासक नसीर खान बलूच को नूरी नसीर कहा जाता था। उसकी सार्वभौम सरकार पर 1839 में ब्रिटिश सरकार ने हमला किया, लेकिन कलात तक अंग्रेज सेना पहुंचने के बाद बलूच जनता हार गई। उल्लेखनीय है कि तब तक सेना और उसके सरदार सभी हिंदू थे। महत्वपूर्ण नगर मकरान और लासबेला उन के हाथों से निकल गए। तब यह हिंदू बहुल प्रदेश था। जब देश में स्वतंत्रता की हवा चली तो 11 अगस्त 1947 को यह भाग ब्रिटिश सत्ता से स्वतंत्र हो गया। उस समय वहां की जनता और तत्कालीन शासन ने उसे स्वतंत्र देश की मान्यता दी। भारत की आजादी के साथ ही सितंबर 1947 में जिस प्रकार पाकिस्तान ने कश्मीर पर आक्रमण किया, उसी प्रकार 27 मार्च 1948 को बलूचिस्तान पर पाकिस्तान ने हमला करके उसकी स्वतंत्रता पर सवालिया निशान लगा दिया।1948 में प्रिंस अब्दुल करीम खान के छोटे भाई ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की बागडोर हाथों में ले ली। 1996 से वहां पाकिस्तानियों की घुसपैठ बढ़ी। उस समय नवाब रोज खान ने बलूच लिबरेशन आर्मी तैयार कर ली। उन्होंने स्वतंत्र होने का बड़ा प्रयास किया, लेकिन पाकिस्तान का शिकंजा कसता चला गया।

पाकिस्तान का सब से बड़ा भौगोलिक क्षेत्र बलूचिस्तान है, इसलिए जब तक वहां शांति स्थापित नहीं होती तब तक भारत भी सुख-चैन से नहीं रह सकता। बलूचिस्तान पाकिस्तान के अत्याचारों से बुरी तरह त्रस्त है। वह चाहता है कि भारत उसे आजाद कराने में सहायता करे, लेकिन भारत हस्तक्षेप करने में हिचकिचाता रहा है। किंतु ऐसा लगता है कि पाकिस्तान ने इन दिनों भारत से टकराने का मन बना लिया है, इसलिए भारत के लिए स्वर्णिम अवसर है कि जब वह बलूच जता की सहायता कर उसे मुक्ति दिला दे। भारत और बलूच जनता मिलकर पाकिस्तान को पाठ पढ़ाएंगे तो इस क्षेत्र में स्थायी शांति कायम हो सकेगी। निकट भविष्य में पाकिस्तान में बांग्लादेश दोहराया गया तो दुनिया को आश्चर्य नहीं होगा। ऐसा हुआ तो मध्य एशिया की शांति के लिए एक और इजरायल बनाना पड़ेगा।

माओ के चीन ने 1962 में भारत पर आक्रमण कर उस के लद्दाख एवं अक्साई चीन वाले क्षेत्र पर कब्जा कर लिया। इतना ही नहीं बाल्टिस्तान और गिलगित जैसे क्षेत्रों को भी कब्जे में ले लिया। पाक ने अपना माल समझकर सारा क्षेत्र चीन के हवाले कर दिया। नतीजतन चीन ने अक्साई चीन से गिलगित वाया बाल्टिस्तान होकर अपनी सेना अफगानिस्तान तक पहुंचाने का षड्यंत्र रचा। **अब चीन का प्रयास है कि वह भारत के समुद्री किनारे तक येन केन प्रकारेण पहुंच जाए। चीन-पाकिस्तान आर्थिक कॉरिडोर इसी का नतीजा है।** इतना ही नहीं चीन ने हिमालय में रेल लाइनें स्थापित कर ली हैं। कुल-मिलाकर बलूचिस्तान के सहारे चीन ने भारत के पश्चिमोत्तर भागों तक अपनी पहुंच बना ली है। हालांकि, पाकिस्तान जानता है कि चीन का प्रसार उस के लिए अत्यंत जोखिम भरा है। यदि आज भारत चीन के निशाने पर है तो कल पाकिस्तान की बारी है, लेकिन उसकी एक ही नीति है 'मैं तो मरूं सो मरूं लेकिन तुझे विधवा करूं।' इस बीच पाकिस्तान ने जिस प्रकार बांग्लादेशियों को निर्वासित कर उन्हें दर-दर भटकने पर मजबूर किया था, वही रणनीति अपनाकर अब वह बलूचों को उनके प्रदेशों से निकाल देना चाहता है। वह इस क्षेत्र में पंजाब के कट्टर सुन्नियों को लाकर बसाने के प्रयास में जुटा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में उन सारे क्षेत्रों के नामों का उल्लेख करके देश और दुनिया को याद दिला दिया कि पाकिस्तान ने किस प्रकार अपनी हड़प नीति से क्षेत्र को अस्थिर बना रखा है। बांग्लादेश बन जाने के बाद भी पाक नेताओं की लार टपकना बंद नहीं हुई है, इसलिए भारत को एक बार फिर उसका दिमाग ठिकाने पर लाने की कार्रवाई करना अनिवार्य हो गया। पाकिस्तान का यह दिवा स्वप्न है कि वह आसपास के देश हड़पकर दक्षिण-पूर्वी एशिया की ताकत बन जाए, लेकिन अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिज्ञों को आशंका है कि कहीं पाकिस्तान इस्लामाबाद की सीमाओं तक मर्यादित न रह जाए। ऐसा हुआ तो इजरायल की तरह एशिया में एक और इजरायल बन जाएगा, जो इस्लाम के नाम पर राजनीति करने वालों को हमेशा उनकी औकात दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। अब वह समय निकट आ गया है जब पाकिस्तान टूटेगा नहीं बल्कि दुनिया के मानचित्र से ही विदा हो जाएगा।

Prepare IAS

G.S. Paper II: Structure, organization & functioning of the Executive & the Judiciary

** फोर्थ जजेज मामले (सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रेकार्ड बनाम संघ) में गत वर्ष अक्टूबर में सर्वोच्च अदालत ने संविधान के 99वें संशोधन को निरस्त कर दिया, जिसके द्वारा राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग का गठन किया गया था।

** अदालत ने स्वीकार किया कॉलेजियम की कार्यपद्धति में कई कमियां हैं और सरकार से प्रक्रिया की विवरणिका बनाने को कहा। बात इसी पर अटक गई, क्योंकि सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर किसी भी नियुक्ति को वीटो करने का अधिकार अपने पास रखना चाहती है, जो शीर्ष न्यायालय को मंजूर नहीं है।

**। फर्स्ट जजेज मामले (एसपी गुप्ता बनाम संघ) में 1981 में अदालत ने कहा कि चूंकि कार्यपालिका जनता के प्रति जवाबदेह है और न्यायपालिका की ऐसी कोई जवाबदेही नहीं है, इसलिए नियुक्ति का अधिकार कार्यपालिका के पास होना चाहिए।

** 1993 में सेकंड जजेज मामले में इस निर्णय को पलटते हुए उच्चतम न्यायालय की एक संविधान पीठ ने कहा कि संविधान का उद्देश्य योग्य एवं ईमानदार न्यायाधीशों की नियुक्ति करना है। अदालत के अनुसार, न्यायाधीश ही किसी वकील की योग्यता एवं निष्ठा की परख कर सकता है। विधायिका के पास वकीलों की योग्यता परखने का कोई जरिया नहीं है और अनुच्छेद 121 एवं 211 के तहत न्यायाधीशों के चरित्र पर संसद या विधानमंडल में कोई बहस नहीं हो सकती है। इसी तर्क पर न्यायालय ने न्यायाधीशों की नियुक्ति का अधिकार कार्यपालिका से छीनकर अपने हाथों में ले लिया।

कॉलेजियम पर न्यायमूर्ति का सवाल (दैनिक जागरण)

उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर जो टकराव की स्थिति उच्चतम न्यायालय तथा केंद्र सरकार के बीच उत्पन्न हो गई है, वैसा टकराव हाल के दशकों में देखने को नहीं मिला है। प्रधान न्यायाधीश टी एस ठाकुर न्यायाधीशों की नियुक्ति नहीं किए जाने को लेकर सरकार पर प्रहार करने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देते। दूसरी ओर केंद्र सरकार भी उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति का अधिकार पूरी तरह से न्यायपालिका के हाथों छोड़ना नहीं चाहती। परंतु अदालत ने इतना स्वीकार किया कॉलेजियम की कार्यपद्धति में कई कमियां हैं और सरकार से प्रक्रिया की विवरणिका बनाने को कहा। बात इसी पर अटक गई, क्योंकि सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर किसी भी नियुक्ति को वीटो करने का अधिकार अपने पास रखना चाहती है, जो शीर्ष न्यायालय को मंजूर नहीं है।उच्चतम न्यायालय ने व्याख्या के जरिये कॉलेजियम व्यवस्था थोपी है, जिसका संविधान में कोई जिक्र नहीं है.

कॉलेजियम की कार्यप्रणाली पर अक्सर सवाल उठते रहे हैं। परंतु इस बार आवाज अंदर से आई है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एवं कॉलेजियम के सदस्य न्यायमूर्ति जे चेलामेश्वर ने आरोप लगाया है कि कॉलेजियम के कामकाज में पारदर्शिता नहीं है और वह भविष्य में कॉलेजियम की बैठकों में भाग नहीं लेंगे। सवाल यह नहीं है कि नियुक्ति कौन करता है या उसकी प्रक्रिया क्या है। सवाल यह है कि क्या नियुक्ति के बाद उसे पूर्ण सुरक्षा मिलती है। यदि हां, तो नियुक्ति का अधिकार किसके पास है, यह अहम नहीं है। इसलिए न्यायमूर्ति चेलामेश्वर ने फोर्थ जजेज मामले में संविधान पीठ के अन्य चार न्यायाधीशों के साथ असहमति जताते हुए राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग के गठन को सही माना। उन्होंने मेरी पुस्तक जस्टिस, जूडोक्रेसी ऐंड डेमोक्रेसी इन इंडिया से एक अंश उद्धृत किया, जिसमें मैंने लिखा है कि राजनीति में सक्रिय कई अधिवक्ताओं को जज बनया गया। केएस हेगड़े तथा टकेचंद तो राज्यसभा सांसद थे, जब उन्हें उच्च न्यायालय का न्यायाधीश बनाया गया। परंतु जस्टिस हेगड़े इतने निष्पक्ष रहे कि उन्हें उन्हीं की कांग्रेस सरकार ने भारत का प्रधान न्यायाधीश नहीं बनने दिया। न्यायमूर्ति वी आर कृष्ण अय्यर पहले केरल सरकार में मंत्री थे, और उन्हें सुप्रीम कोर्ट का जज बनाए जाने का काफी विरोध था, पर वह एक आदर्श जज साबित हुए।

Share IAS

Isro sets sights high in global space race (Asian Age)

To see our nation progress from the unforgettable vignette of its early space programme, reflected in a rocket being carried on the back of a bicycle in Thumba, Kerala, to where we are now is heart-warming

G.S. Paper III:
Awareness in fields of IT, Space, Computers, Robotics, Nanotechnology, Biotechnology

** ISRO has successfully launched PSLV-C-35 injecting India's SCATSAT-1 in orbit.

** According to ISRO, SCATSAT-1 is a continuity mission for Oceansat-2 scatterometer to provide wind vector data products for weather forecasting, cyclone detection and tracking services to the users.

In flawlessly executing its two-in-one mission of two different orbits in a single mission, India's elite space agency is all set to become an even bigger player in the international satellite launch business. With 79 foreign satellite launches on its books, Isro is already a virtual Indian multinational in marketing launches. It is setting its sights even higher, trying to establish a manufacturing base in association with industry to make very effective 3D and 3DR weather satellites for foreign countries after meeting India's requirements. The proven stop-start capability of the rocket attained in Monday's longish 135-minute flight record is what will give the Polar Satellite Launch Vehicle (PSLV) an edge in space commerce, besides its safety record of 33 consecutive successful missions. It is justifiable then for Indians to take pride in Isro's exploits, starting with Prime Minister Narendra Modi, who is an unabashed fan of our scientists who made this possible. To adapt an old homily, the sky is not even the limit for Isro now.

The European Space Agency's Vega rocket is said to have accomplished this complicated burn tech manoeuvre first, and others will join the race from the American private sector. Launch players like Ellon Musk and new economy czars like Jeff Bezos and Mark Zuckerberg are fascinated with these cutting-edge technologies in space research and engineering, and there will be no dearth of business in space. Their pockets are deep enough not to let an early disaster like the recent SpaceX Falcon 9 rocket exploding on the launch pad deter them. But what gives Isro and India the commercial advantage is the low cost of operations. Achieved on a shoestring budget, the Mangalyaan orbiter shook up the space community with its economy and endurance as the two-year-old probe has lived on well beyond its projected life and is still beaming back useful data.

In its conquest of space technology, Isro has gone far as an international player, its commercial arm Antrix having shown a turnover of Rs 1,790 crores in the current year. What this has done is to elevate India's image from being the world's back office — which business does of course bring in very valuable revenue in foreign exchange — to a pioneer in complex space engineering. Its

successful demonstration last month of the hypersonic air-breathing dual mode ramjet engine (known as Scarmjet), using atmospheric oxygen in a part of its journey, saw it pursuing a most futuristic concept, revealing its ambition to be a premier space-faring agency. To see our nation progress from the unforgettable vignette of its early space programme, reflected in a rocket being carried on the back of a bicycle in Thumba, Kerala, to where we are now is heart-warming.

देश में बेरोजगारी बढ़ी, पहुंची पांच साल के उच्च स्तर पर (बीबीसी हिंदी)

केंद्र सरकार के रोजगार सृजन पर जोर के बावजूद देश में बेरोजगारों की संख्या बढ़ रही है। श्रम ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार देश की बेरोजगारी दर 2015-16 में पांच प्रतिशत पर पहुंच गई जो पांच साल का उच्च स्तर है। महिलाओं के मामले में बेरोजारी दर उल्लेखनीय रूप से 8.7 प्रतिशत के उच्च स्तर पर जबकि पुरुषों के संदर्भ में यह 4.3 प्रतिशत रही। यह आंकड़ा केंद्र की भाजपा शासित सरकार के लिए खतरे की घंटी हो सकती है जिसने देश में समावेशी वृद्धि के लिए रोजगार सृजित करने को लेकर 'मेक इन इंडिया' जैसे कई कदम उठाए हैं।

G.S. Paper III: Indian Economy & issues relating to planning, mobilization of resources, growth, development & employment.

** अखिल भारतीय स्तर पर पांचवें सालाना रोजगार-बेरोजगारी सर्वे के अनुसार करीब 77 प्रतिशत परिवारों के पास कोई नियमित आय या वेतनभोगी व्यक्ति नहीं है।

इसके अनुसार यूपीएस (यूजुअल प्रिंसिपल स्टेटस) रुख के तहत अखिल भारतीय स्तर पर बेरोजगारी दर पांच प्रतिशत अनुमानित है। यूपीएस रुख के तहत बेरोजगारी दर के आकलन के लिए संदर्भ अवधि 365 दिन का उपयोग किया जाता है। श्रम ब्यूरो के अनुसार 2013-14 में बेरोजगारी दर 4.9 प्रतिशत, 2012-13 में 4.7 प्रतिशत, 2011-12 में 3.8 प्रतिशत तथा 2009-10 में 9.3 प्रतिशत रही। वर्ष 2014-15 के लिए इस प्रकार की रिपोर्ट जारी नहीं की गई। रिपोर्ट के मुताबिक, 'यूपीएस रुख के तहत ग्रामीण क्षेत्र में बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत जबकि शहरी क्षेत्र में 4.9 प्रतिशत थी।' पुरुषों की तुलना में महिलाओं में बेरोजगारी दर सबसे ऊंची है। महिलाओं में बेरोजगारी दर 8.7 प्रतिशत आंकी गई है जबकि पुरुषों में 4.3 प्रतिशत थी।

शहरी क्षेत्रों में महिलाओं में बेरोजगारी दर 12.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है, वहीं पुरूषों में 3.3 प्रतिशत तथा किन्नरों में यह 10.3 प्रतिशत रही। सर्वे सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में अप्रैल 2015 से दिसंबर 2015 के दौरान किए गए। इसमें कुल 1,56,563 परिवारों को शामिल किया। इसमें 88,783 ग्रामीण क्षेत्र में जबकि 67,780 शहरी क्षेत्र के हैं। सर्वे में राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में त्रिपुरा (19.7 प्रतिशत) सबसे ऊपर है। उसके बाद क्रमश: सिक्किम (18.1 प्रतिशत), लक्षद्वीप (16.1 प्रतिशत), अंडमान निकोबार द्वीप (12.7 प्रतिशत), केरल (12.5 प्रतिशत) तथा हिमाचल प्रदेश (10.6 प्रतिशत) का स्थान है।

PrepareIAS

विवादास्पद 9/11 विधेयक पर ओबामा का वीटो ख़ारिज

अमरीकी कांग्रेस ने बहुमत से राष्ट्रपति बराक ओबामा द्वारा 9/11 विधेयक पर लगाए गए वीटो को दरकिनार करने के पक्ष में मतदान किया है.राष्ट्रपति ओबामा के आठ वर्षों के शासनकाल में यह पहला मौका है जब उनके वीटो को संसद ने दरकिनार किया है. बराक ओबामा ने कहा है कि इस विधेयक पर उनके वीटो को ख़ारिज करके संसद के फैसले ने एक ख़तरनाक मिसाल कायम की है.

G.S. Paper II: Effect of policies & politics of developed & developing countries.

** आतंकवाद के पोषण करने वालों के खिलाफ न्याय अधिनियम (जास्टा) के मुताबिक ग्यारह सितंबर हमलों के पीड़ितों परिवारों को अधिकार मिला था कि वो सऊदी सरकार के खिलाफ मुकदमा दायर कर सकते हैं.

** इस विधेयक के पारित होने के बाद इससे अमरीकी सुरक्षा बलों और विदेशों में काम कर रहे अमरीकी लोगों पर संभावित कानूनी कार्रवाई संभव हो जाएगी.

महत्वपूर्ण है कि ओबामा ने उस विधेयक पर वीटो किया था जिसके मुताबिक ग्यारह सितंबर हमलों के पीड़ितों परिवारों को अधिकार मिला था कि वो सऊदी सरकार के खिलाफ मुकदमा दायर कर सकते हैं.

ओबामा के वीटो को दरकिनार करने के पक्ष में 97 मत पड़े जबकि वीटो के पक्ष में केवल एक ही वोट पड़ा.

आतंकवाद के पोषण करने वालों के खिलाफ न्याय अधिनियम (जास्टा) नाम वाले बिल के खिलाफ अमरीकी राष्ट्रपति ने कड़ी मेहनत की थी.

ओबामा ने रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक सीनेट नेताओं को भेजे गए पत्र में कहा था कि कानून के रूप में जास्टा लागू करना अमरीका के राष्ट्रीय हितों के लिए नुकसानदेह होगा.

ओबामा ने कहा कि इस बिल को पारित करने के संसद के फैसले से राष्ट्रपति के संप्रभुता के अधिकार की अवधारणा खत्म हो जाएगी.

डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद चक स्कमर ने कहा है कि ये महत्वपूर्ण है कि पीड़ितों के परिजनों को न्याय पाने की अनुमति मिल सके, भले ही इसके कारण राजनयिक परेशानियों होती हों.

ओबामा ने अपने राष्ट्रपति के कार्यकाल में अभी तक 12 बार वीटो का इस्तेमाल किया है लेकिन ये पहला मौका है जब उनकी वीटो शक्ति को दरकिनार नहीं किया गया है.

PrepareIAS

निर्गुट की विरासत (जनसत्ता)

(G.S. Paper II: Bilateral, regional & global groupings & agreements involving India &/or affecting Indian interests)

** NAM पहला सम्मेलन 1961 में बेलग्रेद में हुआ था। इसकी नींव डालने वालों में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, यूगोस्लाविया के प्रथम राष्ट्रपति सुकर्णो, मिस्र के दूसरे राष्ट्रपति गमाल अब्देल नासिर और यूगोस्लाविया के तत्कालीन राष्ट्रपति टीटो प्रमुख थे।

जब गुटनिरपेक्ष आंदोलन की स्थापना हुई थी, दुनिया मोटे तौर पर दो खेमों में विभाजित थी। एक खेमा अमेरिका का था, और दूसरा सोवियत संघ का। गुटनिरपेक्ष या निर्गुट आंदोलन का बुनियादी मकसद इन दो खेमों से तटस्थ रहना और विश्व को शीतयुद्ध से मुक्ति दिलाना था। दोनों खेमों के बरक्स इसने विकासशील देशों को एक बड़ा मंच मुहैया कराया और एक कठिन समय में विश्व की ऐतिहासिक सेवा की। गुटनिरपेक्षता की उनकी अवधारणा रंग लाई और इस आंदोलन में शामिल होने वाले देशों की संख्या बढ़ती गई। खासकर यह विकासशील देशों का सबसे बड़ा मंच हो गया।

लेकिन सोवियत संघ के विघटन के बाद से गुटनिरपेक्ष आंदोलन की सार्थकता या प्रासंगिकता पर सवाल उठते रहे हैं। कहा जाता रहा है कि शीतयुद्ध की समाप्ति के बाद इसका क्या औचित्य रह गया है। यह पहला मौका है जब निर्गुट सम्मेलन में भारत केप्रधानमंत्री ने शिरकत नहीं की। इस मौके पर देश का प्रतिनिधित्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने किया। कहीं भारत के मौजूदा राजनीतिक नेतृत्व के मन में भी तो इस समूह की अहमियत को लेकर शंका नहीं है? या, निर्गुट सम्मेलन में हिस्सा लेने प्रधानमंत्री इसलिए नहीं गए कि भारत की विदेश नीति में अब अमेरिका के करीब आने की चाहत बहुत बढ़ गई है? यों, यह रुझान यूपीए सरकार के समय ही शुरू हो गया था, जब उसने एटमी समझौते के लिए वाम दलों के समर्थन की कुर्बानी देना मंजूर किया। बहरहाल, गुटनिरपेक्ष खेमा अपनी धार भले खो चुका हो, सदस्य संख्या के लिहाज से यह अब भी एक बड़ा समूह है जिसमें एक सौ बीस देश साझीदार हैं।

निर्गुट आंदोलन की स्थापना के पीछे इरादा शीतयुद्ध से त्राण पाना था। जाहिर है, इसमें विश्व शांति का व्यापकतर उद्देश्य निहित था। आज आतंकवाद के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय एकजुटता को प्रशस्त कर निर्गुट आंदोलन अपनी विरासत को आगे बढ़ा सकता है। वेनेजुएला के पोर्लामर में सत्रहवें गुटनिरपेक्ष सम्मेलन के पूर्ण अधिवेशन को संबोधित करते हुए भारत के उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने जो कुछ कहा वह प्रकारांतर से निर्गुट समूह को नए सिरे से प्रासंगिक बनाए जाने की तरफ इशारा करना ही था। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है कि हमारा आंदोलन आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में ठोस कदम उठाने की जरूरत को रेखांकित करे। उपराष्ट्रपति की यह टिप्पणी ऐसे वक्त आई है जब पिछले दिनों प्रधानमंत्री जी-20, ब्रिक्स और आसियान एवं पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आतंकवाद को लेकर भारत की चिंता जाहिर कर चुके थे।

Prepare IAS

What were the intifadas?

In UNGA Nawaz Sharif used the term Kashmiri intifada and in return Indian officer said Pakistan as IVY League of terriorism. Here is explanation of both terms.

The intifadas were two Palestinian uprisings against Israel, the first in the late 1980s and the second in the early 2000s. The intifadas had a dramatic effect on Israeli-Palestinian relations; the second, in particular, is widely seen as marking the end of the 1990s era negotiating process and ushering in a new, darker era in Israeli-Palestinian relations.

The first intifada was a largely spontaneous series of Palestinian demonstrations, nonviolent actions like mass boycotts and Palestinians refusing to work jobs in Israel, and attacks (using rocks, Molotov cocktails, and occasionally firearms) on Israelis. Palestinian fatalities dramatically outpaced Israeli ones, as the Israeli military responded to the protests and attacks with heavy force.

The second, and far bloodier, intifada grew out of the collapse of the peace process in 2000. Negotiations between Israeli Prime Minister Ehud Barak and PLO Chairman Yasser Arafat broke down, and the intifada began shortly afterwards. Typically, Israelis blame a conscious decision by Arafat to turn to violence for the intifada's onset, while Palestinians point to an intentionally provocative visit to the contested Temple Mount by Israeli politician (and soon to be Prime Minister) Ariel Sharon. While both Arafat and Sharon played some part, the central cause was likely a basic mistrust between the two sides that made war inevitable after peace talks broke down.

The spark that lit this powder keg was a series of Palestinian demonstrations that Israeli soldiers fired on. Palestinian militants subsequently escalated to broader violence, and the PA refused to rein them in.

The Ivy League is a collegiate athletic conference comprising sports teams from eight private institutions of higher education in the Northeastern United States. The conference name is also commonly used to refer to those eight schools as a group. The eight institutions are Brown University, Columbia University, Cornell University, Dartmouth College, Harvard University, the University of Pennsylvania, Princeton University, and Yale University. The term Ivy League has connotations of academic excellence, selectivity in admissions, and social elitism.

PaperII : Issues relating to development and management of Social Sector/Services relating to Health, Education, Human Resources, issues relating to poverty and hunger.

**145 districts have TFR of more than or equal to 3 (56% of the 261 districts in the 7 High Focus States), and are home to 28% of India's population, which is about 33 crore.

Mission Parivar Vikas to be launched to push contraceptive use (PIB)

The government will soon launch Mission Parivar Vikas to improve family planning services in seven states where the combined total fertility rate (TFR), or the number of children a woman has in her lifetime) constitutes 44% of the country's population.

- The main objective of 'Mission Parivas Vikas is to accelerate access to high quality family planning choices based on information, reliable services and supplies within a rights-based framework.
- The Union ministry of health and family welfare will launch the programme in 145 high-focus districts of Uttar Pradesh, Bihar, Rajasthan, Madhya Pradesh, Chhattisgarh, Jharkhand and Assam.
- These districts were identified based on their total fertility rate and sterilization performance among other measures taken for family planning, for immediate, special and accelerated efforts.

- The target of the government is to reach the replacement level fertility goals of 2.1 by the year 2025.
- The key strategic focus of this initiative will be on improving access to contraceptives through delivering assured services, dovetailing with new promotional schemes, ensuring commodity security, building capacity (service providers), creating an enabling environment along with close monitoring and implementation.

Short Notes for Pre. & Mains from this week:

1- MERCOSUR

Mercosur is a sub-regional bloc. Its full members are Argentina, Brazil, Paraguay, Uruguay and Venezuela. Its associate countries are Bolivia, Chile, Peru, Colombia, Ecuador and Suriname. The Mercusor trading bloc was established in 1991 and negotiations with the EU originally started in 2010 with a number of 'rounds' of negotiations, which have the overall aim to agree a trade deal between the two blocs to allow easier trading of goods and services as well as government procurement and intellectual property and technical barriers to trade.

2- Most Favoured Nation (MFN)

According to the MFN principle of the WTO's General Agreement on Tariffs and Trade (GATT) — to which India is a signatory/contracting party — each of the WTO member countries should "treat all the other members equally as 'most-favoured' trading partners."According to the WTO, though the term 'MFN' "suggests special treatment, it actually means non-discrimination."

The MFN status was accorded in 1996 as per India's commitments as a member of the World Trade Organization (WTO).

3-